Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding early construction of bypass between Meerut-Hapur road and Meerut Delhi road.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, रेलवे के मुरादाबाद मंडल के अन्तर्गत मेरठ-हापुड़ खंड पर समपार संख्या 52 जुर्रानपुर क्रॉसिंग बिजली बंबा बाईपास किलोमीटर 8556 के स्थान पर एक फ्लाईओवर बना हुआ है, जिसका शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के द्वारा दिनाँक 12, नवम्बर 2011 को किया गया था । यह फ्लाईओवर मेरठ-हापुड़ रोड तथा मेरठ-दिल्ली रोड के बीच के प्रस्तावित बाईपास का अंग है । इस पुल को बनाने से पहले निश्चित ही रेलवे का मेरठ या उत्तर प्रदेश के किसी प्राधिकरण, निर्माण एजेंसी से नियमानुसार दोनों ओर की सड़क बनाने का भी अनुबंध हुआ होगा । रेलवे ने तो अपना कार्य तभी पूरा कर दिया, परन्तु उस अनुबंध के अनुसार दोनों ओर की सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है तथा परिणामस्वरूप पुल अधर में लटका हुआ दिखाई देता है । इसके कारण बिजली बंबा बाईपास पर प्राय: जाम लगता रहता है तथा जनता को अत्यधिक कठिनाई होती है । दोनों ओर की सड़क के निर्माण की आखिर किसकी जिम्मेदारी थी? विस्तृत कार्य योजना के बिना यह पुल कैसे बन गया? सार्वजनिक धन के साथ की जाने वाली ऐसी लापरवाही अत्यंत चिंताजनक है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरठ-हापुड़ रोड तथा मेरठ-दिल्ली रोड के बीच प्रस्तावित बाईपास को शीघ्र बनवाने तथा इस कार्य में लापरवाही की जाँच कराकर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध समुचित कार्रवाई करने की कृपा करें । आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार ।